# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 27.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने रेडियो के मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा– पहलगाम के पीड़ितों को हर हाल में मिलेगा न्याय, आतंकियों को मिलेगा कठोर जवाब।
2. प्रधानमंत्री ने कहा– 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का एक वर्ष होगा पूरा , देशवासियों से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की।
3. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पहलगाम के पीड़ित परिवारों को अपने चार महीने का वेतन श्रद्धांजलि के तौर पर देने की घोषणा की , सोशल मीडिया पर साझा किया संदेश।
4. चतरा जिले के टंडवा में ठेकेदार से लेवी लेने पहुंचे टीएसपीसी के दो नक्सली गिरफ्तार, कई कांड में थे वांछित।

5. सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय हॉकी टीम का अब से कुछ देर बाद पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया 'ए' से शुरू होगा मुकाबला ।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने जोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने इस महीने की 22 तारीख को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सबसे बड़ी ताकत देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता है।

प्रधानमंत्री ने डॉ. के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। अपने संबोधन में  प्रधानमंत्री ने  अंतरिक्ष क्षेत्र से लेकर युवा नवाचार समेत कई मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 जून को  विश्व पर्यावरण दिवस  पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस एक साल में इस अभियान के तहत देश–भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए ।उन्होंने लोगों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की ।

********************

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने गृह मंत्रालय के आदेश के बाद पहलगाम आतंकी हमले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनआईए की टीमें बुधवार से ही हमले की जगह पर डेरा डाले हुए हैं और उन्होंने सबूतों की तलाश तेज कर दी है।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पहलगाम के पीड़ित परिवारों को अपना 4 महीने का वेतन देने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्री ने पहलगाम के शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आतंकी हमले ने उन्हें अंदर तक झकझोर दिया । उन्होंने लिखा कि  शहीद परिवारों को अपने 4 महीने का वेतन श्रद्धांजलि के तौर पर देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान अमूल्य है ।

********************

जमशेदपुर के साकची गांधीघाट से भुईंयाडीह श्मशान घाट तक एक नए फ्लाईओवर के सर्वे और डिजाइनिंग का काम  जल्द शुरू होगा। वहीं, निर्माणाधीन मानगो फ्लाईओवर के डिजाइन में भी बड़ा बदलाव हुआ है। विधायक सरयू राय ने कहा कि  आने वाले दिनों में इन फैसलों से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

********************

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष परेश गट्टानी ने बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ साझा रणनीति बनाकर प्रयास करने पर बल दिया है। झारखंड चेंबर और बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स की संयुक्त बैठक पटना स्थित बिहार चेंबर के कार्यालय में हुई। इसमें पूर्वी भारत में व्यापारिक विकास, नये निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में झारखंड और बिहार के उद्यमियों की भागीदारी पर चर्चा हुई ।

********************

चतरा जिले के टंडवा में पुलिस ने टीएसपीसी के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। ठेकेदार से लेवी लेने पहुंचे एक नक्सली को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । इसकी निशानदेही पर दूसरे सदस्य को गिरफ्तार किया गया।

********************

रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित कांटाटोली चौक के पास एक दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। इस घटना में दुकान के पीछे एक घर में आधा दर्जन से ज्यादा लोग फंस गए.जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया लेकिन एक बुजुर्ग की दम घुटने की वजह से मौत हो गई. । दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

********************

चतरा जिले में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से एमएसएमई इकाइयों में वृद्धि के लिए उद्यमिता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में बादल छाने और तेज हवाएं चलने से अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गइ है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, बोकारो समेत कई जिलों के लिए बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना जताई है।  पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 44 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

********************

सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय हॉकी टीम का अब से कुछ देर बाद ऑस्ट्रेलिया 'ए' से मुकाबला शुरू हो।  इससे पहले कल भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम 1 मई, 3 मई और 4 मई को पर्थ के हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगी।

********************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुंबई में दोपहर साढे तीन बजे बजे खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच दिल्ली में शाम साढे सात बजे होगा।

********************